# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तर पर माह-जून-2024 की मासिक रैंकिंग में जनपद सिद्धार्थनगर को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान।**

जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस को आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में माह- जून-2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है तथा जनपद के 20 थानो सिद्धार्थनगर, महिलाथाना, मोहाना, लोटन, कपिलवस्तु, शोहरतगढ़, चिल्हिया, ढेबरुआ, कठेला समयमाता, बांसी, शिवनगर डिड़ई, जोगिया उदयपुर, खेसरहा, इटवा, मिश्रौलिया, गोल्हौरा, डुमरियागंज, पथरा बाजार, त्रिलोकपुर, भवानीगंज ने बेहतर कार्य करते हुये उक्त रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिये गये है कि थाने पर उपस्थित पीड़ित/शिकायतकर्ता के साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभय पक्ष के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करें। गौरतलब है कि जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है, जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जॉच हेतु जॉचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जॉच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण में माह -जून 2024 की मासिक रैंकिंग में जनपद सिद्धार्थनगर को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

**आई0जी0आर0एस0 शाखा मे नियुक्त कर्मचारीगण का विवरण-**

1.प्र0 नि0 संजय मिश्रा आई0जी0आर0एस0 शाखा सिद्धार्थनगर।

2.नि0 रामदरश यादव आई0जी0आर0एस0 शाखा सिद्धार्थनगर।

3.आ0 आनन्द सिंह सुर्यवंशी, विरेन्द्र विक्रम सिंह आई0जी0आर0एस0 शाखा सिद्धार्थनगर।

4.म0आ0 ज्योति वर्मा आई0जी0आर0एस0 शाखा सिद्धार्थनगर।

## प्रेस-नोट दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील डुमरियागंज सभागार कक्ष में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनसुनवाई किया गया।

◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आज दिनांक 06-07-2024 को जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील डुमरियागंज सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं तहसील दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों/शिकायतो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। तत्पश्चात् तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया गया, उक्त तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी डुमरियागंज व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज सहित राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण व तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## प्रेस-नोट दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील शोहरतगढ़ के सभागार में अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनसुनवाई किया गया।

◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आज दिनांक 06-07-2024 को जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील शोहरतगढ़ के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं तहसील दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों/शिकायतो के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान तहसील शोहरतगढ़ के पुलिस व राजस्व के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**प्रेस-नोट दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध के रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन तथा विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के नेतृत्व में आज दिनांक 06.07.2024 को वाद संख्या 2941/02 धारा 7/16 मिलावट निवारण अधिनियम से संबंधित 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी  का विवरण-**

**01.रामदेव पुत्र परमात्मा पाण्डेय साकिन भनवापुर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 संजीत कुमार सिंह थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.मु0आ0 यशवंत कुमार थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**<u>प्रेस नोट- दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**◆थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, सतीश चन्द्र पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में संतोष कुमार सिंह, थानाध्यक्ष थाना शिव नगर डिडई के नेतृत्व में आज दिनांक 06.07.2024 को थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा वाद सं०-5500/2023 अन्तर्गत धारा-60 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण-**

**01.शिव करन पुत्र बहादुर गुप्ता ग्राम मस्जिदिया थाना शिव नगर डिड़ई  जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01. उप निरीक्षक लीला यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.  का० जितेन्द्र राजभर थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**

## प्रेस नोट- दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆धोखाधड़ी का आरोपी वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे।

◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस को मिली सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व अरूण कान्त सिंह क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं गौरव सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के नेत्तृव में दिनांक 06.07.2024 को थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 115/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि में वांछित अभियुक्त ज्ञानेन्द्र कुमार यादव को बीएसए ग्राउण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया । अवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

**01-ज्ञानेन्द्र कुमार यादव पुत्र राजनाथ यादव निवासी गोडवरा थाना खेजुरी जनपद बलिया ।**

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

**01.उ0नि0 अनूप कुमार मिश्र चौकी प्रभारी नौगढ़ थाना सिद्धार्थनगर।**

**02. का0 शशि कुमार राम थाना व जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 29.06.2024 को अभियुक्त आफाक अहमद पुत्र अली अहमद निवासी राजबारी कादीपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी द्वारा सहायक अध्यापक भर्ती हेतु फर्जी नियुक्ति पत्र जो कि न तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा और न ही उनके पटल सहायक के द्वारा जारी किया गया था तथा अभियुक्त आफाक अहमद उपरोक्त के पास से प्राप्त 01 अदद फर्जी नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ था। उक्त कूटरचित नियुक्ति पत्र को वांछित अभियुक्त ज्ञानेन्द्र कुमार यादव पुत्र राजनाथ यादव निवासी गोडवरा थाना खेजुरी जनपद बलिया द्वारा अपने सहयोगियो के साथ कूटरचित करते हुए तैयार किया था ।

## प्रेस नोट- दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆दुष्कर्म का आरोपी वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे।

◆थाना उसका बाजार पुलिस को मिली सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व अरूण कान्त सिंह क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष उसका बाजार चन्दन कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.07.2024 को थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 126/2024 धारा 366/376/506 भा0द0वि0 से सम्बंधित अभियुक्त मसीउद्दीन को गिरफ्तार कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.मसीउद्दीन पुत्र गयासुद्दीन निवासी उटिया टोला बुचहा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 संतोष कुमार यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.उ0नि0 श्रीकान्त सिंह थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

03.मुख्य आरक्षी रविन्द्रनाथ चौहान थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रवणमास के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, सतीश चन्द्र पाण्डेय क्षेत्राधिकारी बांसी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई द्वारा आज दिनांक 06.07.2024 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आगामी त्यौहार मोहर्रम तथा श्रवणमास के संदर्भ में बाते की गयी और दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्वक व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्चाधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया।

## प्रेस नोट- दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆अपहरण का आरोपी वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे।

◆थाना डुमरियागंज पुलिस को मिली सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में रमेश कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के नियंत्रण के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06.07.2024 को थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 98/2024 धारा 363,366 भादवि से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1.मोहम्मद यूनुस पुत्र मौसम सकिन सरोथर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. उ०नि० मोतीलाल थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

02. का0 देवेंद्र गुप्ता थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

03 का0 धर्मनाथ यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस-नोट दिनांक 06.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावणमास तथा जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक **06-07-2024** को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावणमास के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।